## डॉग शो एवं डॉग ब्रीडिंग वर्कशॉप के भव्य आयोजन में जुटा वी.यू.

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में आजादी के अमृतमहोत्सव एवं पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विगत 08 जुलाई से जारी कार्य{मों की श्रंखला में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर अब डॉग शो एवं डॉग ब्रीडिंग वर्कशॉप का आयोजन करवाने जा रहा है। ज्ञात हो कि महाविद्यालय पूर्व में भी प्रति वर्ष डॉग शो का आयोजन करवाता आया है, किन्तु कोविड काल में यह सिलसिला थम गया था। अतः माननीय कुलपति, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर प्रो (डॉ.) सीता प्रसाद तिवारी के निर्देशानुसार अब पुनः आगामी 22 जनवरी 2023 को महाविद्यालय के क्रीडा प्रांगण में डोग शो का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इससे एक दिवस पूर्व 21 जनवरी को महाविद्यालय के सभागार में देश की प्रथम नेशनल डॉग ब्रीडिंग वर्कशॉप का आयोजन भी किया जायेगा।

इस बार के डॉग शो में केट वॉक, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन एवं एक्सप्लोजिव डिटेक्शन विधायें, आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम में जबलपुर एवं आसपास के शहरो से विभन्न नस्लों के लगभग 200 श्वनों के पंजीकृत होने की संभावना है। उपरोक्त कार्यक्रमों की रूपरेखा हेतु महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. राजेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. कबिता रॉय, डॉ. अपरा शाही एवं डॉ. सत्यनिधि शुक्ला भी सम्मिलित हुऐ एवं शहर के प्रसिद्ध पशुचिकित्सक डॉ. संतोष कुमार यादव, डॉ. शिवम जार, डॉ. कमलेश साहू, डॉ. शमशेर शिवहरे, डॉ. दिलीप आर्या एवं श्वान प्रेमी श्री समीर रॉय ने भी कार्यक्रम को सफल एवं अविस्मरणीय बनाने हेतु अपने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये। इस कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. अमिता तिवारी एवं डॉ. रणधीर सिंह के अनुसार कार्यक्रम की तैयारियां लगभग अपने चरम पर है।

वी.यू. की पहल पर देश में पहली बार नैतिक श्वान प्रजनन के प्रोत्साहन एवं जन–जागरूकता के लिए नेशनल डॉग ब्रीडिंग वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। इस वर्कशॉप के अंतर्गत विषय विशेषज्ञों द्वारा श्वान प्रजनकों एवं श्वान प्रेमियो को श्वान कल्याण में नैतिक प्रजनन की महत्वता के अतिरिक्त श्वान प्रजनन में रोजगारोन्मुखी अवसर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। इस कार्यक्रम के आयोजन सचिव, अस्पताल अधीक्षक (पशु चिकित्सा परिसर) डॉ. रणबीर सिंह जाटव तथा सह–सचिव डॉ. नितिन बजाज एवं डॉ. बबिता दास हैं। उपरोक्त कार्यक्रमों का पंजीयन पशुचिकित्सा परिसर जबलपुर एवं 15 अन्य केन्द्रो पर जारी है। शीघ्र ही महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन पंजीयन हेतु लिंक भी जारी की जायेगी।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर